हमारा महाविद्यालय

सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में चीनी उद्योग के लिये प्रसिद्ध स्योहारा (बिजनौर) पश्चिम उत्तर प्रदेश में लखनऊ–देहरादून मार्ग पर स्थित है। इसी नगर में विकासशील पौधे के रूप में श्री धननारयण रामनारायण दानी महिला महाविद्यालय स्थित है। इस संस्था का जन्म पूजनीय श्रीमति उमा देवी दानी की उदारता तथा परोपकार प्रियता के फलस्वरूप उनके पूज्य पति स्व0 श्री धननारायण रामनारायण दानी की पुण्य स्मृति में हुआ। स्व0 दानी जी चीनी उद्योग के ख्नातिलब्ध कर्णधार तथा राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के सुविख्यात, लोकप्रिय व्यक्ति रहें है, तथा महिला उच्च शिक्षा में उनकी विशेष अभिरूची रही है। महाविद्यालय की संस्थापिका स्व0 श्रीमति उमा देवी दानी (धर्म पत्नी श्री डा0 आर0 दानी) का विशेष योगदान व सहयोग इस संस्था को निरन्तर प्राप्त हुआ है। स्योहारा जैसी छोटी नगरी में महिला उच्च शिक्षा के सभी सदस्यों के प्रति हम आभारी है।

01 जुलाई 1996 स्योहारा के नागरिकों के लिये महिला उच्च शिक्षा हेतु एक स्वर्णिम दिन रहा, जब कुलाधिपति, महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश के, अनुसचिव राज्यपाल सचिवालय, लखनाऊ के पत्र सं0 4503 दिनांक 26 नवम्बर 1996 के द्वारा श्री धननारायण रामनारायण दानी महिला महाविद्यालय, स्योहारा (बिजनौर) को कला संकाय के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर हिन्दी भाषा, हिन्दी साहित्य, सामान्य अंग्रेजी, गृहविज्ञान, पर्यावरण, शारीरिक शिक्षा, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र एवं संगीत (गायन) विषयों में अस्थायी सम्बद्धता की स्वीकृत सहर्ष प्रदान की। इस प्रकार यह महाविद्यालय सत्र 2007–2008 स्थायी सम्बद्धता प्राप्त हो चुकि है। महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखण्ड़ विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध हुआ है। 01 जुलाई 1996 को महाविद्यालय की स्थापना से जनपद की महिलाओं को उच्च शिक्षा सम्बन्धी स्वप्न साकार हुआ जिसके लिये हम उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड़ विश्वविद्यालय के सभी समादरणीय अधिकारियों के आभारी है।

सत्र 2025–2026 से महाविद्यालय गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद से सम्बद्ध हो गया है।

हम उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के सभी समादरणीय अधिकारियों के आभारी है।